संध्याक

भारतीय नौसेना विशाखापट्टनम में नौसेना डॉकयार्ड में अपने **सबसे नए सर्वे बेसल संध्याक (Y-3025** को कमीशन करने के लिये पूरी तरह तैयार है।

- जहाज़ की प्राथमिक भूमिका सुरक्षित समुद्री नेविगेशन को सक्षम करने की दिशा में बंदरगाहों, नौवहन चैनलों/मार्गों, तटीय क्षेत्रों एवं गहरे समुद्रों का **पूर्ण पैमाने पर हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण** करना है।
  - अपनी अन्य भूमिका में, जहाज़ **कई प्रकार के नौसैनिक अभियानों को पूरा करने में सक्षम** होगा।
- संध्याक गहरे और उथले पानी के मल्टी-बीम इको-साउंडर्स, ऑटोनॉमस अंडरवाटर वाहन, दूर से संचालित वाहन, साइड स्कैन सोनार, डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण प्रणाली सहित अत्याधुनिक **हाइड्रोग्राफिक उपकरणों**, सैटेलाइट बेस्ड पोजिशनिंग सिस्टम तथा स्थलीय सर्वेक्षण उपकरण से सुसज्जित है।
- संधायक आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय दृष्टकोण को आगे बढ़ाने में भारत की बढ़ती जहाज़ निर्माण क्षमता का एक वास्तविक प्रमाण है।

//